न्यूज डायरी



## ग्लोबल टाइम्स का ट्रोल किंग संपादक हू शिजिन रिटायर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। चीन के सरकारी भोंपू ग्लोबल टाइम्ध्स के संपादक हू शिजिन ने रिटायर होने का ऐलान किया है। ग्लोबल टाइम्स और सोशल मीडिया के जरिए चीन के झूठे राष्ट्रवाद को भड़काने वाले हू शिजिन ने वीबो पर अपने रिटायरमेंट का ऐलान किया। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के कार्यकाल में हू शिजिन ने बहुत आक्रामक होकर चीन के राष्ट्रवाद को बढ़ावा देने का काम किया। भारत समेत दुनियाभर के देशों के खिलाफ हू शिजिन ट्विटर पर जहर उगलता रहता था। इसी वजह से उसे ट्रोल किंग कहा जाता था। कभी लोकतंत्र के समर्थन में प्रदर्शन करने वाले हू शिजिन ग्लोबल टाइम्स का एडिटर बनने के बाद जहरीले बयान देने लगा। ग्लोबल टाइम्स चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी का अखबार है। हू शिजिन के वीबो पर दो करोड़ 40 लाख फॉलोवर हैं।

## रूस से तनाव पर यूक्रेनी मंत्री ने दी चेतावनी, गरमाया माहौल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कीव। यूक्रेन के एक वरिष्ठ मंत्री ने दावा किया है कि अगर रूस ने हमला किया तो तृतीय विश्व युद्ध शुरू हो सकता है। इन दिनों लगभग 1 लाख से ज्यादा रूसी सैनिक यूक्रेन की सीमा पर भारी हथियारों के साथ तैनात हैं। इस बीच अमेरिकी खुफिया एजेंसी ने चेतावनी दी है कि रूस जनवरी के मध्य में यूक्रेन पर हमला कर सकता है। वहीं, रूस का दावा है कि वह अपने देश के किसी भी हिस्से में सैनिकों को तैनात करने के लिए स्वतंत्र है और दुनिया के किसी भी देश को इससे दिक्कत नहीं होनी चाहिए। स्काई न्यूज से बात करते हुए यूक्रेन के पूर्व सैनिकों के मंत्रालय की मंत्री यूलिया लापुतिना ने कहा कि अगर मॉस्को ने हमला किया तो उनका देश अपना बचाव करने के लिए तैयार है। कीव में अपने कार्यालय में एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने कहा कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अगर सैन्य कार्रवाई का आदेश देते हैं तो इसके परिणाम दोनों देशों को भुगतने पड़ सकते हैं।

## फिलीपींस में टाइफून राय के आते ही घरों से भागे लोग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मनीला। टाइफून राय तूफान के चलते मध्य और दक्षिणी फिलीपींस में रहने वाले हजारों लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया जा रहा है। साथ ही कुछ लोग अपने घरों को छोड़कर भाग गए हैं। फिलीपींस मौसम ब्यूरो ने अल जजीरा को बताया कि टाइफून राय फिलीपींस के मध्य पूर्वी क्षेत्र के द्वीप सिरगाओ प्रांतों की ओर तेजी से बढ़ रहा है। बता दें कि अमेरिकी नौसेना के ज्वाइंट टाइफून वार्निंग सेंटर द्वारा इसे सुपर टाइफून घोषित किया गया है। यह इस साल देश से टकराने वाला 50वां तूफान है। साथ ही यह देश को टकराने वाला इस साल का सबसे शक्तिशाली तूफान भी होगा। पीएजीएएसए ने जाहजों को बंदरगाहों पर रहने की सलाह दी है। उन्होंने बताया कि समुद्री जहाजों के लिए समुद्र में जाने खतरे से खाली नहीं है।

## उत्तर कोरिया में पूरी तरह से प्रतिबंधित है के पॉप संगीत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
सियोल। पूरी दुनिया में मशहूर दक्षिण कोरियाई पॉप संगीत (के पॉप) देखने या उसके वीडियो बांटने पर पिछले एक दशक में 23 लोगों को सरेआम मौत के घाट उतारा जा चुका है। उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन का कहना है कि यह संगीत कैंसर जितना जहरीला है और इसीलिए यह उत्तर कोरिया में पूरी तरह से प्रतिबंधित है। मानवाधिकार की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि सियोल में केंद्रित ट्रांजिशनल वर्किंग ग्रुप नाम के एक संगठन ने वर्ष 2015 से 683 ऐसे लोगों का इंटरव्यू लिया है जो वहां से भाग कर आए हैं। इनकी मदद से उत्तर कोरिया के उन स्थानों को चिन्हित किया गया जहां सरकारी स्तर पर सार्वजनिक स्थलों पर लोगों की हत्या की गई है। उन लोगों को किम सरकार की ऐसी 23 हत्याओं के दस्तावेज तैयार किए हैं। उन्होंने संगीत, फिल्मों और टीवी ड्रामा सभी पर प्रतिबंध लगा दिया।

# चीन ने तिब्बत में बमवर्षक विमान तैनात कर भारत को दी चेतावनी

**चिंता**

### अमेरिका के रक्षा मंत्रालय ने हिमालयी इलाके में चीनी सैन्य तैनाती पर चिंता जताई है

चीन के इस कदम से अमेरिका टेंशन में आ गया है और वह लगातार सूचनाएं दे रहा है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
वॉशिंगटन। लद्दाख में चल रहे तनाव के बीच चीन ने पिछले महीने भारत से लगती सीमा पर लंबी दूरी तक मार करने वाले रणनीतिक बॉम्बर तैनात कर दिए हैं। चीन के इस कदम से अमेरिका टेंशन में आ गया है। अमेरिका के रक्षा मंत्रालय ने हिमालयी इलाके में चीनी सैन्ध्य तैनाती पर चिंता जताई है। भारतीय सीमा पर यह चीनी सैन्ध्य तैनाती कुछ उसी तरह से है जैसे हिंद प्रशांत क्षेत्र में फिलीपीन्स को डराने के लिए चीन ने अपने घातक विमान तैनात कर रखे हैं। चीन बड़े पैमाने पर एयरपोर्ट और सड़कें भी भारतीय सीमा पर बना रहा है।



पेंटागन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने अमेरिकी पत्रिका फॉरेन पॉलिसी से बातचीत में कहा कि चीन का बॉम्बर तैनात करना एक तरह से भारत के लिए चेतावनी की तरह से है। रिपोर्ट में कई विशेषज्ञों की राय दी गई है जिसमें कहा गया है कि भारत चीन की सेना के आक्रामक व्यवहार के आगे मजबूती से टिका रहेगा। उन्होंने कहा कि दक्षिण चीन सागर के विपरीत चीन को उसके घुसपैठ के खिलाफ भारत के कड़े राजनयिक और सैन्य प्रतिरोध का सामना करना पड़ रहा है।

**अमेरिका सक्रिय रूप से भारत को खुफिया सूचनाएं साझा कर रहा**

एशियाई मामलों के विशेषज्ञ जेफ स्मिथ कहते हैं कि यह स्पष्ट है कि चीन अपनी उन सभी सीमाओं पर बहुत ज्यादा आक्रामक हो गया है जहां पर उसका सीमा विवाद चल रहा है। भारत की सीमा पर चीन को सबसे ज्यादा प्रतिरोध का सामना करना पड़ रहा है।

भारतीय चीनी धमकी के आगे नहीं झुकेंगे और न ही डरेंगे। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि अमेरिका भारत को और ज्यादा सैन्य सहायता देगा या नहीं। एक भारतीय अधिकारी ने कहा कि अमेरिका सक्रिय रूप से भारत को खुफिया सूचनाएं साझा कर रहा है।

भारतीय अधिकारियों का कहना है कि चीन ने पिछले कई महीने से सीमा पर बड़े पैमाने पर सैनिकों को तैनात कर रखा है। यही नहीं चीनी सैनिक लगातार इलाके में युद्धाभ्यास कर रहे हैं। अमेरिका का कहना है कि चीन लगातार अपनी सैन्य और परमाणु ताकत को बढ़ा रहा है। यह उसके अनुमान से ज्यादा तेजी से हो रहा है। चीन ने हाल ही में अंतरिक्ष से हाइपरसोनिक मिसाइल दागने का परीक्षण किया था। चीन के पास साल 2027 तक 700 परमाणु बम हो सकते हैं। चीन का इरादा इसे 1000 तक पहुंचाने का है।

## पीएम मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की बैठक कराएंगे पुतिन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मास्को। लद्दाख से लेकर अरुणाचल प्रदेश तक चीन सीमा पर जारी तनाव के बीच पीएम नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच लंबे समय बाद मुलाकात हो सकती है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के प्रयासों से पीएम मोदी और शी जिनपिंग के बीच यह बैठक हो सकती है। रूसी राष्ट्रपति के सहायक यूरी उशाकोव ने बताया कि रूस, चीन और भारत के बीच शिखर बैठक निकट भविष्य में हो सकती है। पुतिन ने अपनी भारत यात्रा के बारे में भी जिनपिंग को बताया है।

रूसी राष्ट्रपति कार्यालय के प्रवक्ता उशाकोव ने कहा, रूस–भारत–चीन फार्मेट में सहयोग के विषय पर चर्चा हुई है। उनका यह बयान ऐसे समय पर आया है जब शी जिनपिंग और पुतिन के बीच 1 घंटे से ज्यादा समय तक बातचीत हुई है। पुतिन और शी दोनों ही इस संबंध में विचारों के आदान–प्रदान को आगे भी जारी रखने पर सहमत हुए हैं और निकट भविष्य में RIC फार्मेट में शिखर बैठक के लिए प्रयास हो सकते हैं।

उशाकोव ने कहा, पुतिन ने शी जिनपिंग को अपनी नई दिल्ली यात्रा के बारे में बताया है। तीनों देशों के शीर्ष नेताओं के बीच RIC की अंतिम बैठक जून 2019 में हुई थी।



## समुद्र के किनारे मिला कचरा निकला सोने का खजाना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** क्वालालंपुर। इंसान की किस्मत कब बदल जाए, यह कोई नहीं जानता है। अगर किस्मत चमक जाए तो भिखारी भी करोड़पति हो सकता है। कुछ ऐसा ही हुआ मलेशिया की एक महिला के साथ। अइदा जूरिना लोंग नामक महिला को समुद्र के किनारे एक अजीब सी चीज दिखाई दी। महिला ने पहले तो इसे कचरा समझा लेकिन बाद में यह व्हेल की उल्टी निकली और वह एक झटके में करोड़पति हो गई। इसकी ज्यादा कीमत की वजह से इसे तैरता सोना भी कहा जाता है।

## 'विशिष्ट अतिथि' राष्ट्रपति कोविंद विजय दिवस परेड में शामिल हुए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

जीत के 50 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में मनाये जा रहे कार्यक्रम

ढाका। बांग्लादेश द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ मुक्ति संग्राम में अपनी जीत के 50 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में मनाये जा रहे कार्यक्रम के तहत बृहस्पतिवार को विजय दिवस परेड में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने ''विशिष्ट अतिथि'' के रूप में भाग लिया। इस परेड में शानदार एरोबेटिक्स और रक्षा हथियारों का प्रदर्शन करते हुए सैन्य शक्ति को दर्शाया गया।

बांग्लादेश के राष्ट्रपति एम अब्दुल हामिद और प्रधानमंत्री शेख हसीना के साथ–साथ राष्ट्रीय परेड ग्राउंड में मंत्रियों, राजनयिकों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति थी। परेड में भारतीय सेना के तीनों अंगों से 122 सदस्यीय त्रि–सेवा दल ने भी हिस्सा लिया।

भारतीय सेना ने जैसे ही मार्च पास्ट किया, परेड देखने आए लोगों ने उनका उत्साहवर्धन किया और 1971 के बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम में भारत के योगदान को स्वीकार किया।

अपनी तीन दिवसीय राजकीय यात्रा पर यहां आए राष्ट्रपति कोविंद बांग्लादेश के विजय दिवस की स्वर्ण जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय परेड ग्राउंड में ''विशिष्ट अतिथि'' के रूप में शामिल हुए। प्रधानमंत्री शेख हसीना को परेड ग्राउंड पर मार्च–पास्ट, फ्लाईपास्ट, एरोबेटिक्स प्रदर्शन, विभिन्न रेजिमेंट के शस्त्रों के प्रदर्शन और सशस्त्र बलों की टुकड़ियों की सराहना करते हुए देखा गया।

इससे पहले राष्ट्रपति हामिद और प्रधानमंत्री हसीना ने सावर स्थित राष्ट्रीय स्मारक पर माल्यार्पण कर मुक्ति संग्राम के शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। आज के ही दिन 1971 में 93,000 पाकिस्तानी सैनिकों का नेतृत्व कर रहे लेफ्टिनेंट जनरल आमिर अब्दुल्ला खान नियाजी ने ढाका में लेफ्टिनेंट जनरल जगजीत सिंह अरोड़ा के नेतृत्व में भारतीय सेना के समक्ष आत्मसमर्पण किया था और पूर्वी पाकिस्तान को ''बांग्लादेश'' घोषित किया गया।

## अफगानिस्तान को लेकर इमरान खान की चेतावनी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने अफगानिस्तान को को लेकर अंतरराष्ट्रीय समुदाय को चेतावनी दी है। अफगानिस्तान पर शीर्ष समिति की दूसरी बैठक की अध्यक्षता करते हुए इमरान खान ने कहा कि अफगानिस्तान को अलग–थलग करना दुनिया के लिए नुकसानदेह साबित हो सकता है। जियो न्यूज ने प्रधानमंत्री कार्यालय के एक बयान का हवाला देते हुए कहा कि बैठक के दौरान, उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अफगानिस्तान के कमजोर लोगों का समर्थन करने का आग्रह किया। इसमें कहा गया था कि पाकिस्तान मानवीय संकट को टालने के लिए हर संभव तरीके से अफगान लोगों का समर्थन करेगा। बैठक में विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी, सूचना मंत्री फवाद चौधरी, गृह मंत्री शेख राशिद, योजना मंत्री असद उमर, वित्त सलाहकार शौकत तारिन, वाणिज्य सलाहकार अब्दुल रजाक दाऊद, थल सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार डा मोईद यूसुफ और वरिष्ठ सैन्य अधिकारी शामिल थे।